**कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा- प्रथम) मध्य प्रदेश,**
**ऑडिट भवन, झांसी रोड, ग्वालियर, - 474002**

# सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि हालही में इस कार्यालय के संज्ञान में ऐसा प्रकरण आया है जिसमें किसी व्यक्ति द्वारा इस कार्यालय में अनुकम्पा नियुक्ति का झांसा देकर एक मृतक कर्मचारी के आश्रित से पैसो की ठगी की गई है | अतः इस कार्यालय द्वारा ये स्पष्ट किया जाता है कि ऐसे किसी भी व्यक्ति से सावधान रहे जोकि इस कार्यालय में किसी भी माध्यम यथा अनुकम्पा कोटा/खेल कोटा आदि से नियुक्ति का आश्वासन प्रदान कर रहा हो | यदि आप इस कार्यालय के मृत कर्मचारी के आश्रित हैं तो अपना आवेदन सीधे इस कार्यालय में प्रस्तुत करें अथवा इस कार्यालय में सीधे संपर्क करें | यदि आप इस कार्यालय में खेल कोटा के माध्यम से आवेदन करना चाहते हैं तो रोज़गार समाचार में प्रकाशित विज्ञापन के अनुसार ही सीधे कार्यालय में आवेदन करें एवं नियुक्ति हेतु किसी भी व्यक्ति से पैसों का किसी भी प्रकार का कोई लेनदेन न करें | किसी भी स्पष्टीकरण के लिए कार्यालय की वेबसाइट **https://cag.gov.in/ag1/madhya-pradesh/en** पर उपलब्ध दूरभाष नम्बरों पर भी संपर्क किया जा सकता है |

उपमहालेखाकार/प्रशासन